# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह।

## (जिला समाज कल्याण शाखा)

दूरभाष संख्या :– 06532–356321 ई–मेल :–dswgiridih2122@gmail.com

### वन स्टॉप सेन्टर, गिरिडीह में विभिन्न पदों के विरूद्ध सेवाएँ प्राप्त करने हेतु विज्ञापन।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वन स्टॉप सेन्टर योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत हिंसा से पीड़ित महिलाओं को वन स्टॉप सेन्टर में एक छत के नीचे पुलिस सहायता, कानूनी सहायता एवं परामर्श, चिकित्सा सहायता, मनो–सामाजिक परामर्श, अस्थायी आश्रय इत्यादि उपलब्ध कराया जाता है।

गिरिडीह जिले में इस योजनान्तर्गत एक वन स्टॉप सेन्टर स्थापित किया गया है। गिरिडीह जिले के वन स्टॉप सेन्टर में विभिन्न सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिये व्यक्तिगत अर्हता प्राप्त सेवा प्रदाताओं को अनुबंधित करने हेतु अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों से निम्नांकित विवरणीनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते है :–

| क्र0 | सेवा प्रदाता | कुल पद | आरक्षण रोस्टर | समेकित मासिक परिलब्धि | निर्धारित अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रशासक (केवल महिलाओं के लिए) | 01 | अनारक्षित–01 | रू0 30,000/– | <u>शैक्षणिक योग्यता :–</u> किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर/किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक। <u>आवश्यक कार्य अनुभव :–</u> किसी सरकारी अथवा गैर–सरकारी संस्था/परियोजना में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा जैसे मुद्धों पर कार्य करने का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव। <u>वांछित कार्य अनुभव :–</u> किसी सरकारी अथवा गैर–सरकारी संस्था/परियोजना में परामर्श दात्ता के रूप में कार्य करने का न्यूनतम 01 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| 2 | केस वर्कर (केवल महिलाओं के लिए) | 02 | अनारक्षित–01 अत्यंत पिछड़ा वर्ग–01 | रू0 20,000/– | <u>शैक्षणिक योग्यता :–</u> किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर/किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक। <u>आवश्यक कार्य अनुभव :–</u> किसी सरकारी अथवा गैर–सरकारी संस्था/परियोजना में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा जैसे मुद्धों पर कार्य करने का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। |
| 3 | परामर्श दात्ता (केवल महिलाओं के लिए) | 01 | अनारक्षित–01 | रू0 25,000/– | <u>शैक्षणिक योग्यता :–</u> किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सामाजिक कार्य/नैदानिक मनोविज्ञान **(Clinical Psychology)** में स्नातकोत्तर। <u>आवश्यक कार्य अनुभव :–</u> राज्य स्तरीय इकाई/जिला स्तरीय क्लिनिक या किसी प्रतिष्ठित मानसिक स्वास्थ्य संस्था में परामर्श दात्ता/मनोचिकित्सक के रूप में कार्य करने का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। |
| 4 | इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी वर्कर (महिला/पुरुष के लिए) | 01 | अनारक्षित–01 | रू0 25,000/– | <u>शैक्षणिक योग्यता :–</u> किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक। <u>आवश्यक कार्य अनुभव :–</u> राज्य स्तरीय /जिला स्तरीय/गैर सरकारी संस्था या सूचना प्रौद्योगिकी आधारित संस्था में **Data Management/Process Documentation, Web Based Reporting Formats** एवं **Video Conference** विषयों पर कार्य करने का न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। |
| 5 | सिक्युरिटी गार्ड (महिलाओं/पुरूषों के लिए) | 01 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग–01 | रू0 10,000/– | <u>शैक्षणिक योग्यता :–</u> किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक उतीर्ण। <u>आवश्यक कार्य अनुभव :–</u> राज्य/जिला स्तर के सरकारी या प्रतिष्ठित संगठन में सुरक्षा कर्मी के रूप में कार्य करने का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव। |

आवेदन हेतु निर्देश :–

1. आवेदन विहित प्रपत्र में **Online** वेबसाइट **www.recruitment.jharkhand.gov.in** पर समर्पित करेंगे।
2. ऑनलाईन आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्रों, अनुभव प्रमाण–पत्रों की पठनीय प्रतियाँ स्व–अभिप्रमाणित कर **upload** किया जाना अनिवार्य है।
3. बिंदु–2 में अंकित प्रमाण–पत्रों में से यदि कोई प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न नहीं है, तो इसका लाभ अभ्यर्थी को नहीं मिलेगा, यद्यपि **online**आवेदन के विहित–प्रपत्र में इसे अंकित किया भी गया हो।
4. शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत मैट्रिक से प्रारंभ कर अद्यतन योग्यता अंकित की जाये एवं संबंधित प्रमाण–पत्र, यथाः बिंदु–2 **upload** किये जाये।
5. कार्य–अनुभव के लिए नियोक्ता **(Employer)** के द्वारा निर्गत एवं हस्ताक्षरित पत्र/प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा। तदनुसार कार्य–अनुभव से संबंधित पत्र/प्रमाण–पत्र की प्रतियाँ यथाः बिन्दु–2, **upload** किये जाये।
6. सेवाओं के लिये योगदान की तिथि से यह अनुबंध 01 वर्ष के लिए होगा, तत्पश्चात सेवा अवधि का विस्तार सेवा प्रदाता के संतोषप्रद कार्य प्रदर्शन तथा योजनान्तर्गत कार्य की आवश्यकता के आधार पर की जायेगी।
7. व्यक्तिगत सेवा प्रदाता द्वारा **online** आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि 08/01/24 है।
8. उक्त सभी पदों हेतु आयु के लिए **Cut off date** 01.01.2020 होगा।
9. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 29, दिनांक 04.01.2021 एवं विशेष सचिव एवं परियोजना निदेशक, झारखण्ड महिला विकास समिति, राँची के पत्रांक 109, दिनांक 30.07.2021 के आलोक में आवेदन हेतु अधिकतम उम्रसीमा को निम्नवत निर्धारित किया गया है :–

| क्र0 | कोटि | सामान्य अधिकतम आयु सीमा | दिव्यांग जनों के लिए |
|---|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 35 वर्ष | 45 वर्ष |
| 2 | पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 37 वर्ष | 47 वर्ष |
| 3 | महिला (अनारक्षित/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग) | 38 वर्ष | 48 वर्ष |
| 4 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) | 40 वर्ष | 50 वर्ष |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **(EWS)** | 35 वर्ष | 45 वर्ष |

10. भूतपूर्व सैनिकों को उनकी आरक्षण कोटि के लिए निर्धारित अधिकतम उम्रसीमा में 05 वर्षों की छूट।
11. संविदा पर नियुक्ति के पूर्व ही संविदा की शर्त्तो का निर्धारण कर लिया जाय। प्रथम चरण में अधिक–से–अधिक एक वर्ष के लिए ही ऐसी नियुक्ति की जायेगी।
12. संविदा राशि :– संविदा पर नियुक्ति सामान्य रूप से पूर्ण कालिक तौर पर की जायेगी और जिस पद पर नियुक्ति की जा रही है, उसके लिए स्वीकृत वेतनमान के प्रारम्भिक प्रक्रम पर ही वेतन देय होगा। अंशकालीन नियुक्ति की स्थिति में राशि का निर्धारण कार्य की प्रकृत्ति, कार्य की गुणवत्ता आदि को देखते हुए सरकार के द्वारा की जायेगी। वेतनमान के प्रारम्भिक प्रक्रम से अधिक या अतिविशिष्ट कार्यों के सम्पादन हेतु नियुक्ति की स्थिति में राशि निर्धारण वित्त विभाग एवं कार्मिक विभाग की पूर्व सहमति से किया जायेगा।
13. संविदा पर नियुक्त कर्मी को नियत वेतन अनुमान्य होगा। नियत वेतन के अलावे किसी प्रकार का भत्ता यथा महँगाई भत्ता, मकान भाड़ा, नगर क्षतिपूर्ति भत्ता आदि अनुमान्य नहीं होगा, परन्तु सरकारी कार्य के लिए की गई यात्रा के लिए झारखण्ड यात्रा भत्ता नियमावली के प्रावधानों के तहत् नियमानुसार यात्रा भत्ता देय होगा।
14. संविदा पर नियुक्ति कर्मी पेंशन संबंधी फायदे का हकदार नहीं होगा। परन्तु राज्य सरकार के कर्मचारियों को लागू नियम के अनुसार चिकित्सीय सुविधा का हकदार होगा।
15. संविदा पर नियुक्त कर्मी को कैलेण्डर वर्ष के लिये राज्य कर्मियों के अनुरूप आकस्मिक अवकाश देय होगा, परन्तु वे अन्य किसी अवकाश के हकदार नहीं होंगे।
16. संविदा पर नियुक्त कर्मी का पद स्थानान्तरणीय नहीं होगा।
17. संविदा पर नियुक्त कर्मी के लिए राज्य कर्मियों की तरह आचार संहिता लागू होगा।
18. संविदा पर नियुक्ति सीधी भरती के द्वारा चयन द्वारा की जाएगी।
19. संविदा पर नियुक्ति के लिए योग्यता, प्रशिक्षण अनुभव आदि वही रहेगा, जो भर्त्ती एवं प्रोन्नति नियमावली के अनुसार पद विशेष के लिए निर्धारित है। परन्तु परिस्थिति विशेष में राज्य सरकार पात्रता की शर्त्तों को शिथिल कर सकती है।

उपायुक्त
गिरिडीह।

ज्ञापांक–1491 स0क0, गिरिडीह, दिनांक–07/12/2023

प्रतिलिपिः– जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, गिरिडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि आप अपने स्तर से दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः– डी०आई०ओ०, एन०आई०सी०, गिरिडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि आप अपने स्तर से विज्ञापन से संबंधित विवरणी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप को जिला के पोर्टल **www.giridih.nic.in** पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपिः– **ISD, JAP-IT** झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि उपरोक्त विज्ञापन से संबंधित विवरणी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप को **JAP-IT** के आधिकारिक वेबसाईट **www.recruitment.jharkhand.gov.in** पर अपलोड कराने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपिः– विशेष सचिव एवं परियोजना निदेशक, झारखण्ड महिला विकास समिति, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ प्रेषित ।

उपायुक्त,
गिरिडीह।

## APPLICATION FORM FOR PROVIDING SERVICES AT SAKHI-ONE STOP CENTRE/सखी–वन स्टॉप सेन्टर में सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए आवेदन पत्र

Passport Size Photograph

1. Application for the Service of / आवेदित सेवा का नाम : ..........................................
2. District Applied for / आवेदित जिला का नाम : ..........................................

3. Name of the Applicant(in BLOCK letters)/अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) :

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

4. Father's/ Mother's/Husband's/ Guardian's Name (please tick the appropriate one) / पिता / माता / पति / अभिभावक का नाम (कृपया उपयुक्त विकल्प पर √ का निशान लगाएँ)

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

5. Date of Birth/जन्म तिथि (DD/MM/YYYY):

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

6. Age/उम्र (in years, as on 01.01.2020)/ (वर्ष में, 01.01.2020 तक): ..........................................

7. Sex( Please tick appropriate box )/लिंग (कृपया उपयुक्त विकल्प पर √ का निशान लगाएँ):

| M/पुरुष | F/ महिला |
|---|---|

8. Email ID/ ई–मेल आईडी :

..........................................................................................

9. Nationality/ राष्ट्रीयता :

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

10. Marital Status/ वैवाहिक स्थिति :

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|



Scanned by CamScanner

11. Address for Communication with Pin Code/ संचार के लिए पता (पिन कोड सहित):

City/ Town/ शहर:

District/ जिला:

Pin Code/ पिन कोड:

State/ राज्य:

Mobile Number/मोबाईल नम्बर:

Alternate Mobile No. *(if any)*/ वैकल्पिक मोबाईल नम्बर (यदि उपलब्ध हो):

12. Permanent Address with Pin Code/ स्थाई पता (पिन कोड के सहित) :

City/ Town/शहर:

District/ जिला:

Pin Code/ पिन कोड

State/ राज्य:



Scanned by CamScanner

13. Educational Qualification/ शैक्षणिक योग्यता :

| Examination Passed/ उत्तीर्ण की हुई परीक्षा का नाम | Name of Board/ University/ बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | Year of Passing/ उत्तीर्ण होने का वर्ष | Percentage* of Marks/ अंकों का प्रतिशत | Grade/ Division ग्रेड / श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

*Please indicate the marks obtained in percentage form. If, in any exam, OGPA/CGPA is awarded; please indicate the corresponding percentage points in accordance to the formula prevailing in the Institute/ University.

कृपया प्राप्त अंकों को प्रतिशत के रूप में लिखें। यदि किसी परीक्षा में OGPA/CGPA प्राप्त है, तो उसे संस्थान / विश्वविद्यालय के सूत्र के अनुरूप प्रतिशत में बदल कर लिखें।

14. Professional/ any other Qualification/प्रोफेशनल अथवा अन्य योग्यता :

| Examination Passed/ उत्तीर्ण की हुई परीक्षा का नाम | Name of Board/ University/ बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | Year of Passing/ उत्तीर्ण होने का वर्ष | Percentage of Marks/ अंको का प्रतिशत | Grade/ Division ग्रेड / श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |



Scanned by CamScanner

15. Work Experience/ कार्य अनुभव :

| Sl./ क्रम संख्या | Designation and Name of the Organization/ पद एवं संस्था का नाम | From/ कब से | To/ कब तक | Total duration*/ कुल अवधि (वर्ष.माह) | Roles and Responsibilities in the said designation/ वर्णित पद पर भूमिका एवं उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

* Please indicate the duration of experience mentioning the years and months as years.months. So, if a person served for 2 years and 3 months, it should be written as 2.03. If duration is eg. 2 years and 11 months, it should be written as 2.11.

कृपया कार्य अनुभव की अवधि को वर्ष एवं माह अंकित करते हुये वर्ष.माह के रूप में लिखें। अतः, यदि किसी व्यक्ति ने 2 वर्ष एवं 3 माह कार्य किया है तो अवधि 2.03 लिखी जायेगी। यदि अवधि 2 वर्ष एवं 11 माह है तो इसे 2.11 के रूप में अंकित किया जायेगा।

16. Language Proficiency/ भाषा की जानकारी :

| Language/भाषा | | *Excellent/* बहुत अच्छा | *Good/* अच्छा | *Average/* औसत |
|---|---|---|---|---|
| English/ अंग्रेजी | *Read*/पढ़ना | | | |
| | *Write*/लिखना | | | |
| | *Speak*/बोलना | | | |
| Hindi/ हिन्दी | *Read*/पढ़ना | | | |
| | *Write*/लिखना | | | |
| | *Speak*/बोलना | | | |



Scanned by CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Any **regional language of Jharkhand** (mention the name of the language)/ झारखण्ड की किसी क्षेत्रीय भाषा की जानकारी (यदि है तो, भाषा का नाम लिखें)..................... | *Read/पढ़ना* | | | |
| | *Write/लिखना* | | | |
| | *Speak/बोलना* | | | |

17. Computer Proficiency/कम्प्यूटर की जानकारी :

| | *Excellent/ बहुत अच्छा* | *Good/ अच्छा* | *Average/ औसत* |
|---|---|---|---|
| MS Office/MS ऑफिस | | | |
| Internet, E- Mail, Tally/इन्टरनेट, ई–मेल, टैली | | | |
| Others(if any, please specify)/अन्य (कृपया उल्लेख करें) | | | |

18. Please explain in about 100-150 words on how your overall experience is relevant to the positions applied for.
आपका कार्य अनुभव आवेदित पद के लिए किस तरह उपयुक्त है, उसे लगभग 100–150 शब्दों में लिखें ।

19. Whether presently serving in any Government/ Undertaking/क्या वर्तमान में किसी सरकारी विभाग / सरकारी उपक्रम में कार्यरत हैं। :
..........................................................................................................

## Declaration

*Certify that the above information filled is correct to the best of my knowledge and belief. In case any of the above information is found false/ incorrect/ incomplete, my candidature for the service will be cancelled anytime during or post recruitment phase.*
*मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर दी गई सारी जानकारी सत्य है। यदि ऊपर लिखित कोई भी जानकारी असत्य अथवा गलत पाई गई तो इस पद के लिए पात्रता रद्द कर दी जायेगी।*

**Note:** Candidature is provisional. All candidates are directed to bring their original certificates for Verification at the time when asked for by the recruiting authority, failing which your candidature will not be considered.
**नोट :** सभी उम्मीदवारी अस्थायी है। सभी उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन के वक्त अपने सभी दस्तावेज के सारे मूल प्रमाण पत्र एवं उसकी एक छायाप्रति अपने साथ ले कर आये अन्यथा उनकी उम्मीदवारी मान्य नहीं होगी।

Date/दिनांक:
Place/जगह:

(Signature of the Candidate)
अभ्यर्थी का हस्ताक्षर



Scanned by CamScanner